EDITION IND ಕನ್ನಡ മലയാളം বাংলা తెలుగు தமிழ் मराठी ગુજરાતી Samayam English Pregatips लॉगिन

NBT नवभारत टाइम्स By THE TIMES OF INDIA

फैमिली लाइफस्टाइल भारत राज्य दुनिया धर्म आईपीएल मनोरंजन बिजनेस रियल एस्टेट हेल्थ टेक शिक्षा More शहर

रिलेशनशिप फैशन ब्यूटी & स्किन होम डेकोर हैक्स खान-पान वीडियो मेरा सफर लाइफस्टाइल वेब स्टोरी हेल्थ वेब स्टोरी ब्यूटी वेब स्टोरी फैशन वेब स्टोरी

करोड़ की मालकिन का घर | जहीर खान और बीवी का टशन | आलू से व्रत का नमकीन रेसिपी | मिसकैरेज के बाद प्रेग्नेंसी

Birth Doesnt Automatically Make Someone A Mother Why Did Author Acharya Prashant Say This About Mothers

# 'बस बच्चा पैदा कर देने से कोई देवी मां नहीं बन जाता', मशहूर लेखक ने मांओं के लिए क्यों कही इतनी तीखी बात?

Authored By: नंदिनी दुबे | नवभारतटाइम्स.कॉम • 18 Dec 2025, 11:52 am IST

Subscribe YouTube 12M

मशहूर लेखक आचार्य प्रशांत ने हाल ही में एक सेशन में मां को लेकर अपने विचार रखे हैं। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि आखिर अच्छी मां वाकई में कौन होती है। चलिये जानते हैं कि आखिर उन्होंने और क्या कहा।



Image- Pexels

मशहूर लेखक आचार्य प्रशांत अक्सर सामाजिक मुद्दों पर अपनी बेबाक राय रखते रहते हैं। इसी क्रम में उन्होंने हाल ही में मां को लेकर एक विशेष टिप्पणी की है। अपने एक सेशन के दौरान उन्होंने एक लड़की से पूछे गए सवाल के संदर्भ में कहा कि सिर्फ पूत ही कपूत नहीं होता, बल्कि माता भी कुमाता हो सकती है। उन्होंने यह भी

Advertisement

Match 65, Indian Premier League
20 MAY KOL KKR
MUM MI 24/3 4.0 ov
Play In Progress

वीडियो



Modi Trump Meeting: फ्रांस में 16 महीने बाद मिलेंगे मोदी-ट्रंप, आखिर किन मु...



India UAE Israel Alliance: Pakistan, Saudi Arabia, Turkey...

कहा कि केवल सेक्स करके प्रेग्नेंट हो जाना या बच्चे को जन्म दे देना किसी को मां नहीं बना देता। यह एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। आचार्य प्रशांत ने समाज में प्रचलित मातृत्व की धारणा पर सवाल उठाते हुए और क्या कहा, आइए जानते हैं विस्तार से।

(सभी तस्वीरें-सांकेतिक हैं) All Image- Pexels




Iran US War: खाड़ी में तनाव के बीच पुतिन भारत आने की तैयारी में क्यों? ट्रं...



8th Pay Commission Fitment Factor: Central Employees को बढ़ी हुई...

**YOU MAY LIKE** SPONSORED LINKS BY TABOOLA

**Start Forex Trading. Get a 100% Welcome Bonus**

iFOREX

Sign Up


## क्या माता कुमाता हो सकती है ?



Advertisement

रेकमेंडेड खबरें >




प्रेग्नेंसी की आखिरी तिमाही में महिलाओं को झेलना पड़ता है फॉल्स लेबर पेन, जानें अस...


28 मार्च को होगा टाइम्स फ्यूचर ऑफ मैटरनिटी समिट, प्रेग्नेंसी से न्यूबॉर्न बेबी केयर...


प्रेग्नेंसी में तनाव बढ़ा सकता है समय से पहले डिलीवरी का रिस्क, इन 8 तरीकों से करें...

इंस्टाग्राम वीडियो में आचार्य प्रशांत के एक सेशन के दौरान एक लड़की सवाल करती है, 'सर, यह तो सुना है कि पूत कपूत हो सकता है, लेकिन क्या माता कुमाता हो सकती है?' यह सुनते ही आचार्य प्रशांत जवाब देते हैं, 'आप खुद ही बताइए।'

Advertisement

प्रेग्नेंसी में बार-बार पेशाब आने की मख्य वजह है ब्लैडर


## बिल्कुल हो सकती है कुमाताएं



लेखक आगे कहते हैं कि स्त्री ने बच्चे को जन्म दिया है, तो वो कुमाता क्यों नहीं हो सकती? हो सकती है और होती भी है। अधिकांश माताएं कुमाताएं ही तो होती हैं। सिर्फ इसलिए कि हमने एक मान्यता बना रखी है कि माता तो देवी ही होती है, इसका यह मतलब नहीं कि वह सच में देवी हो जाती है।

Advertisement

## बच्चा पैदा करके कोई देवी मां नहीं बन जाता



प्रशांत आगे कहते हैं कि सभी पशु गर्भधारण करते हैं, क्या नहीं करते? तो क्या अच्छी मां होना इतनी सस्ती बात है कि बस सेक्स किया, प्रेग्नेंट हो गए और बच्चा पैदा कर दिया और अब तुम देवी मां कहलाने लगें? क्या यह संभव है? इसके बाद वे उसी लड़की से कहते हैं, 'आप खुद बताइए, क्या यह बात आपको कहीं से भी जंच रही है?'

Image- acharya prashant Facebook Page

Advertisement

## बच्चे का पूरा भविष्य में मां के हाथ में



वे आगे कहते हैं कि जो लड़की कल तक बावरी छोरी कहलाती थी, वही आज अगर बच्चे को जन्म दे दे, तो अचानक माता जी कहलाने लगती है, तो इसमें तुक क्या है? वह कल भी जैसी थी, आज भी वैसी ही है। एक बच्चे का पूरा भविष्य उस स्त्री के हाथ में होता है, जबकि वह स्त्री खुद ही जिम्मेदार नहीं है।

Advertisement

## अच्छी मां बनने के लिए अच्छा इंसान बनना जरूरी



लेखक कहते हैं कि एक अच्छी मां बनने के लिए सबसे पहले एक अच्छा इंसान बनना जरूरी है। लेकिन हम इस सच्चाई को स्वीकार ही नहीं करना चाहते। अब, जैसे आधी बुद्धि के लड़के होते हैं, वैसे ही आधी बुद्धि की लड़कियां भी होती होंगी। अब मान लीजिए कोई लड़की 25 साल की है, बिल्कुल बेवकूफ है, उलटे-सीधे फैसले लेती है। जहां कहीं चकाचौंध दिखी, बस उसी ओर चल देती है, बिना सोचे-समझे। ऐसी लड़कियां भी समाज में होती हैं।

Advertisement

Advertisement

## यहां देखें पूरा वीडियो

acharya_prashant_ap
Original audio

View profile




View more on Instagram

84,355 likes

Add a comment...

Advertisement

## मां बनना बहुत बड़ी जिम्मेदारी की बात



लेखक अंत में कहते हैं कि मां बनना बहुत बड़ी जिम्मेदारी की बात है। अगर आप खुद एक अच्छे इंसान नहीं हैं, तो एक अच्छी मां होने की जिम्मेदारी कैसे निभा पाएंगे? इसलिए अगर सच में एक अच्छी मां बनना है, तो सबसे पहले एक अच्छा इंसान बनना जरूरी है।

डिस्क्लेमर: यह लेख केवल इंस्टाग्राम रील पर आधारित है। एनबीटी इसकी सत्यता, सटीकता और असर की जिम्मेदारी नहीं लेता है।



लेखक के बारे में

**नंदिनी दुबे**

नंदिनी दुबे नवभारतटाइम्स.कॉम में प्रेग्नेंसी और पेरेंटिंग राइटर और प्रिंसिपल डिजिटल कंटेंट प्रड्यूसर हैं। वह दो साल के बच्चे की मां भी हैं, इसलिए प्री-प्रेग्नेंसी से लेकर गर्भावस्था के नौ महीनों की जर्नी और शुरुआती पेरेंटिंग तक के अनुभवों को खुद जी चुकी हैं और जी भी रही हैं। इन अनुभवों ने नंदिनी को इस बात का गहरा ... और पढ़ें

**कन्वर्सेशन शुरू करें** | कमेंट पोस्ट करें

**YOU MAY LIKE** PROMOTED LINKS BY TABOOLA

**High Blood Sugar? Eat This One Food Before Bed (Doctors Are Stunned)**

Wellness Waves — Learn More

**Is Your Blood Sugar High? Do This One Thing Every Night**

Wellness Waves — Learn More

**नवीन लाँच - लोढा कॅमलोट - खराडी, पुणे**

लोढा कॅमलोट खराडी ₹२.३४ कोटी* पासून सुरू होणाऱ्या किमतीत खास ३, ३.५ आणि ४.५ बीएचके फ्लॅट्स देते. खराडीचे सर्वात प्रतिष्ठित ठिकाण. ८०% मोकळ्या जागा, काही मोजक्या लोकांसाठी राखीव.

Lodha Group — Get Offer

**1, 2 & 3 BHK Residences - 45 Lakh* - Kalyan**

Runwal Garden City offers premium apartments with world-class amenities at Kalyan–Shilphata Road.